प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

12.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि मण्डी शहर को पानी की सुचारू और स्थायी आपूर्ति के लिए ऊहल पेयजल योजना की मुख्य पाईप लाइन की सकोर के पास अलाईनमेंट बदली जाएगी। उप मुख्यमंत्री आज इस पेयजल योजना की मुख्य पाइप लाइन का निरीक्षण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को इस पाइप लाईन के स्थिरीकरण के लिए स्थायी समाधान करने और शहर के लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अग्निहोत्री ने कहा कि इस पाइप लाइन में आ रही समस्या के समाधान के लिए आई.आई.टी. मण्डी की विशेषज्ञ टीम से निरीक्षण करवाया गया और उनके सुझावों पर पाईप लाइन की रि–अलाईनमेंट का कार्य जारी है। इस योजना से मण्डी शहर के लिए हर रोज 16 एम.एल.डी. पानी की आपूर्ति की जाती है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का तीन साल का कार्यकाल सिर्फ भाजपा पर कीचड़ उछालने और आपसी लड़ाई में ही बीत गया। बिंदल ने आज शिमला में कहा कि इन तीन वर्षों में जनता से जुड़े मुद्दे पूरी तरह गायब रहे और विकास पूरी तरह से ठप्प हो गया। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सत्ता में 3 वर्ष पूरे करने के मौके पर मण्डी में आयोजित समारोह आपसी टकराव और आरोपों की राजनीति में बदल गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार न तो अपने पुराने संकल्प पूरे कर पाई है और न ही उसके नए संकल्पों पर राज्य की जनता को कोई विश्वास है। इस बीच बिंदल ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय के लिए प्रस्तावित शिलान्यास स्थल का आज निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल इस कार्यालय का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। नड्डा आज सायं शिमला पहुंच रहे हैं। उधर भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार का तीन साल का संकल्प कार्यक्रम कलह में बदल गया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी अब पूरे देश की तरह हिमाचल में भी समाप्ति की ओर बढ़ रही है।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पठानिया ने आज शिमला में कहा कि शिवराज पाटिल कांग्रेस के कद्दावर नेता थे और कांग्रेस पार्टी की मजबूती व संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

हमीरपुर भाजपा

हमीरपुर जिला भाजपा ने कांग्रेस सरकार द्वारा मण्डी में आयोजित संकल्प रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर और अन्य नेताओं ने आज एक बयान में कहा कि कांग्रेस की मण्डी रैली सरकार की विफलताओं को छुपाने का एक असफल प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार ने केन्द्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को जबरन भीड़ के रूप में रैली स्थल तक पहुंचाया। जिला भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बीते विधानसभा चुनाव में दी गई चुनावी गारंटियों में से एक भी गारंटी को अभी तक पूर्ण रूप से लागू नहीं किया है।

युग हत्याकांड

राजधानी शिमला में 5 सितम्बर 2018 को हुए बहुचर्चित युग हत्याकांड मामले में पीड़ित परिवार ने प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एस.एल.पी. दायर कर दोषियों को फांसी की सजा की मांग की है। युग के पिता विनोद गुप्ता ने आज शिमला में कहा कि परिवार युग हत्याकांड में हाईकोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं है। क्योंकि हत्या के मुख्य आरोपी को बरी कर दिया गया है जबकि दो अन्य दोषियों की सजा को भी कम कर दिया गया है।

पार्किंग स्थल

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए नारकंडा, सैंज और भुट्टी में पार्किंग स्थलों की अधिसूचना जारी कर दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ये अधिसूचना आम लोगों की सुरक्षा और यातायात को सुचारू रखने के उद्देश्य से जारी की गई है।

———————————————